शनिवार
14 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

किसानों को 2013 की दर से मुआवजा देना अन्याय: सुशील मोदी 3

विनम्र श्रद्धांजलि

लालू प्रसाद को सीएम बनाने में शरद यादव की थी अहम भूमिका

केटी न्यूज/पटना

पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का गुरुवार रात निधन हो गया। उनकी बेटी ने फेसबुक पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की। वे 75 साल के थे। शरद यादव कई सरकारों में केंद्रीय मंत्री भी रहे चुके थे। चार दशक से ज्यादा के राजनीतिक सफर में शरद यादव के नाम कई राजनीतिक उपलब्धियां रहीं। शरद यादव ने मध्य प्रदेश में पैदा होने के बाद भी बिहार में अपनी कर्मभूमि बनाई और बिहार के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में हुए। उन्होंने मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से कई बार सांसद बनने का गौरव हासिल किया। लालू प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनाने में शरद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका थी। मंडल के मसीहा बनने के बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह किसी और को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। वे शरद यादव ही थे, जिन्होंने ऐसी भूमिका तैयार की, जिसके जरिए लालू यादव बिहार में मुख्यमंत्री बन सके। जब लालकृष्ण आडवाणी की रथ-यात्रा के बाद बिहार सरकार गिर गई तो उस समय भी उन्होंने सरकार बचाने में भी लालू प्रसाद यादव की मदद की थी।

शरद यादव ने जबलपुर में छात्र राजनीति से शुरुआत की थी। वे इंजीनियरिंग के छात्र थे। मीसा कानून में जेल गए थे। उसी समय जयप्रकाश नारायण की नजर उन पर पड़ी और उन्होंने विपक्ष के साझा उम्मीदवार के तौर पर उन्हें 1974 के जबलपुर लोकसभा उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया। शरद यादव ने उपचुनाव में सेठ गोविंद दास के बेटे रविमोहन दास को हरा दिया।

पीएम मोदी समेत दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शरद यादव जी के निधन से बहुत दु:ख हुआ। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने खुद को सांसद और मंत्री के रूप में प्रतिष्ठित किया। मैं हमेशा हमारी बातचीत को संजो कर रखूंगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि शरद यादव का हमारे बीच न रहना देश के सार्वजनिक जीवन के लिए अपूर्णिय क्षति है। मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवारजनों, समर्थकों, अनुयायियों को दुख सहन करने की शक्ति दे ऐसी प्रार्थना करता हूं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैंने शरद यादव से राजनीति के बारे में बहुत कुछ सीखा है, वह आज हमारे बीच नहीं रहे तो काफी दु:ख हो रहा है। उन्होंने कभी अपना सम्मान नहीं खोया, जबकि राजनीति में सम्मान खोना बहुत आसान होता है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शरद यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से दुखी हूं। शरद यादव के साथ मेरा बहुत गहरा रिश्ता था। वे एक प्रखर समाजवादी नेता थे। उनका निधन सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शरद यादव के निधन पर कहा कि बड़े भाई शरद यादव जी के निधन के खबर सुन कर काफी विचलित हुआ हूं, दुखी हूं और काफी आघात लगा है। वे एक महान समाजवादी नेता थे, स्पष्टवादी थे।

1 जुलाई 1947 को होशंगाबाद में हुआ था जन्म

1 जुलाई 1947 को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में जन्मे शरद यादव ने जय प्रकाश नारायण से राजनीति सीखी थी। उन पर डॉ. राम मनोहर लोहिया का भी असर था। यही कारण है कि हर दल में उन्हें पसंद करने वाले नेता रहे। ये शरद यादव का राजनीति चातुर्य ही था कि उन्हें न तो लालू के विरोध में लड़ने में कोई दिक्कत नहीं हुई। हारने के बाद भी लालू प्रसाद यादव उनका बेहद सम्मान करते थे। नीतीश कुमार भी उसी तरह से उनका आदर करते रहे। दोनो ने उन्हें राज्य सभा केलिए अपनी पार्टियों का समर्थन दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से एमवी गंगा क्रूज को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

क्रूज की शुरुआत से देश में व्यापार और पर्यटन के अवसर बढ़ेंगे: मोदी

एजेंसी/वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी से एमवी गंगा क्रूज को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वाराणसी में गंगा की रेती पर बने टेंट सिटी का भी उद्घाटन किया। रिवर क्रूज को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत में यह पर्यटन के नये युग की शुरूआत है। एमवी गंगा विलास रिवर क्रूज की शुरुआत देश में अंतदेर्शीय जलमार्गों के विकास का एक जीवंत उदाहरण है। 24 राज्यों में 111 राष्ट्रीय जल राजमार्गों के विकास पर काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं रिवर क्रूज लाइनर एमवी गंगा विलास पर सवार यात्रियों को बताना चाहता हूं कि भारत में वह सब कुछ है, जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं। इसमें भी बहुत कुछ है जो आपकी कल्पना से परे है। भारत को शब्दों में परिभाषित नहीं किया जा सकता है। भारत को केवल दिल से अनुभव किया जा सकता है, क्योंकि भारत ने अपना दिल सबके लिए खोल दिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की अंतदेर्शीय जलमार्ग की अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इससे पूर्वी भारत में व्यापार और पर्यटन और रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि गंगा नदी पर दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज सेवा की शुरुआत एक ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके अलावा हल्दिया मल्टी मॉडल टर्मिनल और यूपी की चार सामुदायिक जेटी का लोकार्पण, बिहार की पांच सामुदायिक जेटी का शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने बटन दबाकर असम के पांडु के शिप रिपेयर सेंटर और पांडु टर्मिनल को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली एलिवेटेड रोड का शिलान्यास किया, गुवाहाटी में मैरीटाइम स्किल सेंटर फॉर नॉर्थ ईस्ट का लोकार्पण किया।

गंगा विलास क्रूज में 5 स्टार होटल जैसी सुविधाएं

गंगा विलास क्रूज कुल 3,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। क्रूज द्वारा की जाने वाली यह दुनिया की सबसे लंबी यात्रा होगी। सूत्रों के अनुसार, यह सफर कुल 51 दिनों का होगा और इस दौरान यह जलयान भारत और बांग्लादेश की 27 नदियों से होकर गुजरेगा। क्रूज सफर के दौरान 50 से अधिक फेमस पर्यटक स्थलों पर रुकेगा। सफर के दौरान क्रूज भारत और बांग्लादेश की जिन 27 नदियों से होकर गुजरेगा, उनमें गंगा, भागीरथी, हुगली, ब्रह्मपुत्र और वेस्ट कोस्ट नहर, आदि शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि यह रिवर क्रूज भारत एवं बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम्स से होकर गुजरेगा। उनके अनुसार यह क्रूज सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा नेशनल पार्क से भी गुजरेगा। इस क्रूज की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि 5 स्टार होटल जैसी सुविधाएं हैं। गंगा विलास क्रूज के अनुभव को सुखद बनाने के लिए रेस्तरां, संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिम, स्पा, ओपन-एयर ऑब्जर्वेशन डेक, पर्सनलाइज्ड बटलर सर्विस, आदि जैसी सुविधाएं होंगी। यह दुनिया में किसी एक रिवर क्रूज द्वारा की जाने वाली सबसे बड़ी नदी यात्रा होगी। क्रूज के डायरेक्टर राज सिंह ने बताया कि इस चलते फिरते पांच सितारा होटल में 18 सुइट कमरे हैं, जिसमें 36 पर्यटक ठहर सकते हैं। क्रूज में स्पा, सैलून और जिम जैसी भी सुविधाएं भी हैं। प्रतिदिन 25 से 50 हजार रुपये किराया देना होगा। अंतरा लक्जरी रिवर क्रूज (Antara Luxury River Cruises) की आधिकारिक वेबसाइट से क्रूज के लिए टिकट बुक किए जा सकते हैं।

नीतीश कैबिनेट का अहम फैसला

41 एजेंडों पर लगी मुहर, 81 चिकित्सक बर्खास्त किए गए

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में कुल 41 एजेंडों पर मुहर लगी। इस दौरान राज्य सरकार ने लंबे समय से बिना सूचना के गायब रहने वाले डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, सरकारी अस्पतालों के ऐसे 81 चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त किये गए इन डॉक्टरों को अररिया, औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, भोजपुर और दरभंगा सहित विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया था। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि चौसठ गलत चिकित्सा पदाधिकारी जो बिना अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। उनको सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह कदम उठाने से पहले संबंधित डॉक्टरों को उनकी अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट करने के लिए कई अवसर दिए गए लेकिन उन्होंने अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद ये कार्रवाई की गई है।

उद्योग विभाग के 9 एजेंडों पर लगी मुहर: कैबिनेट की बैठक में बिहार के 3 जिलों में 3 लेवल क्रॉसिंग के बदले पहुंच पथ और आरओबी निर्माण के लिए 229 करोड़ 14 लाख रुपए में से राज्यांश मद में 139 करोड़ 48 लाख 38000 की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्यालय में 5 नए वाहन चालकों के पद सृजन की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा बिहार के प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए जनसहयोग से भूमि एवं भवन प्राप्त करने एवं नामांतरण की प्रक्रिया की स्वीकृति दी गई है। उद्योग विभाग के 9 एजेंडों पर मुहर लगी है, जिसमें 8 उद्योगों को वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस दिए जाने की स्वीकृति दी गई है।

189 पदों के सृजन की स्वीकृति

बैठक में जाति आधारित गणना 2022 के लिए गणना प्रपत्र के मुद्रण कार्य पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार के उपक्रम सरस्वती प्रेस लिमिटेड को प्राधिकृत किया गया है। इसके साथ ही बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा में कुल 18 विषयों में स्नातकोत्तर विभाग की स्थापना, पटना विश्वविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की स्थापना तथा पटना विश्वविद्यालय के तहत विधि महाविद्यालय के लिए सहायक अध्यापक, प्राध्यापक के 148 पद तथा शिक्षकेतर कर्मियों के 41 पद, कुल 189 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। राज्य के विश्वविद्यालय एवं अंगी भूत महाविद्यालय के शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम 2018 की परीनियम प्रारूप पर स्वीकृति दी गई है।

नीतीश कुमार के शासन में आम आदमी की समस्या का समाधान लाठी है : चिराग

केटी न्यूज/बक्सर

चौसा के बनारपुर में किसानों से मिलने शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास' के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पहुंचे। बनारपुर पंचायत भवन में किसानों की सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में आम आदमी की समस्याओं का सिर्फ एक ही समाधान है, वो लाठी है। नीतीश कुमार आज यदि समाधान यात्रा पर निकले हैं तो उन्हें यह बताना होगा कि किसानों की समस्याओं का समाधान कब होगा?

सरकार को जवाब देना ही होगा : चिराग पासवान ने कहा कि सरकार समाधान निकालने के बजाय हर बार यही करती है, वह कभी शिक्षकों पर तो कभी अन्नदाताओं पर लाठियां चलवाती है। लाठियों से बिहार की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, बिहारियों का समाधान तब होगा, जब मुख्यमंत्री उनकी समस्याओं को सुनकर हल निकालेंगे।

कहा कि आखिर क्या वजह है कि बिहार सरकार सर्किल रेट में वृद्धि को संशोधित नहीं कर रही है? उन्होंने किसानों की मांग को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करते हुए कहा कि किसान जिसके हकदार हैं, वो उन्हें मिल कर रहेगा. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास किसानों की मांगों के समर्थन में कंधे से कंधा मिलाकर नहीं, बल्कि एक कदम आगे रहेगी।

गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, उद्योग का हब बन रहा गोरखपुर: योगी

एजेंसी/गोरखपुर

20 वर्ष पूर्व गोरखपुर को आतंक और अपराध का पर्याय समझा जाता था। पर, विगत छह सालों में यह विकास की नई आभा के साथ आगे बढ़ा है। यहां के नागरिकों और नौजवानों को एक नई पहचान मिली है। गोरखपुर अब अपराध नहीं, आस्था और विकास का समन्वित केंद्र बन गया है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। वह शुक्रवार को तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव 2023 के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सम व विपरीत परिस्थितियों में विगत छह सालों से गोरखपुर महोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता से हो रहा है। गोरखपुर ने विकास की नई यात्रा प्रारंभ की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहचान अच्छाई से होनी चाहिए। इसी के दृष्टिगत गोरखपुर ने विकास की हर उस योजना को छुआ है, जिसकी तड़पन थी। कभी खुद बीमार रहे बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्थिति तो ठीक हुई ही, यहां एम्स भी खुल गया। 1990 में बंद खाद कारखाने की जगह 2021 में नया कारखाना चालू हो गया। यह क्षमता से अधिक उत्पादन कर रहा है। रामगढ़ताल पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभरा है। वायुसेवा बेहतरीन हुई है। गोरखपुर को चिड़ियाघर की सौगात मिल गई है। सीएम योगी ने कहा कि जिस जिले की पहचान अपराध से थी, वह गोरखपुर अब विकास और चार विश्वविद्यालयों की पहचान रखता है। गोरखपुर अब शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और उद्योग का हब बन रहा है। कोई भी गोरखपुर को विस्मृत नहीं कर सकता। फिल्म बनाने के लिए भी यह बड़े मंच के रूप में उभरा है। गोरखपुर में अनेक संभावनाएं आगे बढ़ी हैं।

10 लोगों को मिला गोरखपुर रत्न सम्मान

सीएम योगी ने सबसे पहले सोनू निगम का गाया हुआ 'हनुमान चालिसा' लांच किया। साथ ही सीएम योगी ने सोनू निगम को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान भी किया। इस दौरान सोनू निगम ने अपनी आवाज में हनुमान चालिसा की कुछ पंक्तियां भी गुनगुनाई। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले 10 लोगों को 'गोरखपुर रत्न' सम्मान से भी सम्मानित किए। मंच पर सीएम योगी और सोनू निगम के साथ फिल्म स्टॉर और गोरखपुर के सांसद रवि किशन भी मौजूद रहें।

खबरें फटाफट

शरद यादव के निधन जताया शोक

जहानाबाद। भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य एवं किसान महासभा के राज्य सचिव कामरेड रामाधार सिंह, घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, राज्य कमेटी सदस्य कामरेड अरुण बिंद, माले नेता कामरेड वसी अहमद, जिला कार्यालय सचिव कामरेड श्याम पांडेय, खेत ग्रामीण मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष कामरेड सत्येंद्र रविदास, इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य पार्षद कामरेड मुकेश पासवान आदि नेताओं ने सोशलिस्ट नेता शरद यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ व्यापक मोर्चा कायम करने के लिए शरद यादव की आज के दौर में ज्यादा जरूरत थी। भाजपा विरोधी विपक्षी दलों की व्यापक एकजुटता ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

एसपी को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

सासाराम। व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को रोहतास एसपी पर 5 हजार रुपए हजार्ना लगाते हुए कोर्ट में हाजिर होने का आदेश जारी किया है। अभियुक्त की उपस्थिति हेतु चल रहे 33 साल पुराने एक मामले में सुनवाई करते हुए एडीजे प्रथम मनोज कुमार की अदालत में रोहतास एसपी औश्र करगहर थानाध्यक्ष को कोर्ट में स्पष्टीकरण के साथ कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने दोनों पदाधिकारियों के लापरवाही को देखते हुए पांच-पांच हजार रुपए हजार्ने का भुगतान करने का भी आदेश जारी किया है। आपको बता दे कि पूरा मामला कोचस थाना कांड संख्या 9/1990 से जुड़ा हुआ है। दुष्कर्म से जुड़े इस मामले का ट्रायल सत्र वाद संख्या 340/93 में चल रहा है। मामले में कोर्ट ने एक अभियुक्त राजेंद्र डोम निवासी करगहर वार्ड संख्या दो के उपस्थिति के लिए करगहर थाना अध्यक्ष को पूर्व में शो कॉज नोटिस भी जारी किया था, जिसकी सूचना कोर्ट में रोहतास एसपी को भी दी थी।

नवजात के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मां से जुड़ी गर्भनाल की हिफाजत जरूरी

- गर्भनाल संक्रमण हो सकता है नवजात मृत्यु का कारण, रहें सतर्क
- बाहरी चीजों के इस्तेमाल से रहता है संक्रमण का खतरा

केटी न्यूज/आरा

गर्भावस्था के दौरान शिशु के सम्पूर्ण विकास की जिम्मेदारी, मां के साथ जुड़ी गर्भनाल पर होती है, जिसके जरिये नवजात को प्रसव से पहले तक आहार मिलता है। जन्म के बाद भी कुछ समय यह शिशु से जुड़ा रहता है। इसलिए यह लाजिमी है कि इसके खुद से सूख कर गिरने तक संक्रमित होने या टूटने से बचाया जाए। साथ ही गर्भनाल की सफाई और बेहतर देखभाल का ध्यान रखा जाए। अथवा नाल में संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है, जोनवजात के लिए मृत्यु का भी कारण भी बन सकता है। चिकित्सकों के अनुसार गर्भनाल की समुचित देखभाल करना जरूरी है। शिशु जन्म के बाद नाल के ऊपर से किसी भी प्रकार के तरल पदार्थ या क्रीम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। नाल को सूखा रखना जरूरी होता है। इसमें बाहरी चीजों



के इस्तेमाल से संक्रमण के खतरे की संभावना बढ़ जाती है। सदर अस्पताल में नियुक्त सभी स्वास्थ्य कर्मी विशेष कर प्रसव कक्ष से जुड़े एएनएम के साथ नर्स, चिकित्सक इसके लिए पूरी तरह प्रशिक्षित हैं तथा वो प्रसवोपरांत माताओं को इन सब बातों की जानकारी बारीकी से देते हैं।

क्यों हैं गर्भनाल सुरक्षा प्रबंधन आवश्यक : विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं नवजात मृत्यु की संभावना जन्म के पहले माह की अपेक्षा आगे आने वाले महीनों में 15 गुना कम होती है। पांच साल से अंदर बच्चों की लगभग 82 लाख मौतों में 33 लाख मौतें जन्म के पहले महीने में ही होती है। जिसमें लगभग 30 लाख मृत्यु पहले सप्ताह एवं 2 लाख मृत्यु जन्म के ही दिन हो जाती है। जन्म के शुरूआती सात दिनों में होने वाली नवजात मृत्यु में गर्भनाल संक्रमण भी एक प्रमुख कारण होता है।

बेहतर गर्भनाल सुरक्षा प्रबंधन के लिए इन बातों का रखें ख्याल : प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा प्रसवोपरांत नाल को बच्चे और मां के बीच दोनों तरफ से नाभि से 2 से 4 इंच की दूरी रखकर काटी जाती है। बच्चे के जन्म के बाद इस नाल को प्राकृतिक रूप से सूखने देना जरूरी है। जिसमें 5 से 10 दिन लग सकते हैं। शिशु को बचाने के लिए नाल को हमेशा सुरक्षित और साफ रखना आवश्यक है ताकि संभावित संक्रमण को रोका जा सके।

लक्षणों पर दें ध्यान, बनी रहेगी शिशु की मुस्कान

यदि शिशु के गर्भनाल या उसके आस पास ऐसे लक्षण दिखे तो बिना देर किए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या किसी अनुभवी शिशु विशेषज्ञ की परामर्श लें।

- नाल के आसपास की त्वचा में सूजन या लाल हो जाना
- नाल से दुर्गंध युक्त द्रव का बहाव होना
- शिशु के शरीर का तापमान असामान्य होना
- नाल के पास हाथ लगाने से शिशु का दर्द से रोना।

भोजपुर में जमीन की घेराबंदी के दौरान पांच लोगों ने घटना को दिया अंजाम

दुस्साहस: जमीन विवाद में प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली, तीन आरोपित गरिफ्तार

- जिला मुख्यालय के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा जख्मी का इलाज
- एसपी के निर्देश पर पहुंची पुलिस ने की कार्रवाई

केटी न्यूज/आरा

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की दोपहर जमीन विवाद में मुखिया के देवर सह प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी गयी। गोली उनके सिर की ऊपरी हिस्से को छिलते हुए निकल गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उनका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी प्रॉपर्टी डीलर कोईलवर थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव निवासी40 वर्षीय मिथिलेश सिंह हैं। उनकी भाभी गीता देवी दौलतपुर पंचायत की मुखिया हैं। गोली मारने का आरोप मोहम्मदपुर गांव के महेश पांडेय सहित पांच लोगों पर लगाया जा रहा है। घटना के बाद

जख्मी का इलाज करते चिकित्सक

एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में गठित टीम घटनास्थल पर पहुंची और आरोपित पक्ष के तीन को गिरफ्तार कर लिया है।

जख्मी मिथिलेश सिंह ने बताया कि उन्होंने 2013 में मोहम्मदपुर गांव के रामाधार पांडेय और जीतेंद्र पांडेय से 17 कट्ठा जमीन खरीदी थी। शुक्रवार की दोपहर के बाद वह उसी जमीन की घेराबंदी करा रहे थे। तभी उसी गांव के विनोद पांडेय, जय प्रकाश पांडेय, महेश पांडेय, विक्की पांडेय और उनके घर की एक महिला सदस्य हथियार लेकर धमक गये और अपनी जमीन बताते हुए घेराबंदी करने से मना करने लगे। इसके बाद गाली-गलौज भी की जाने लगी। उन्होंने विरोध किया, तो महेश पांडेय द्वारा उनपर फायरिंग कर दी गयी। उस दौरान गोली उनके सिर के ऊपरी हिस्से में लगते हुये निकल गयी।

खून से लथपथ जमीन पर गिरा देख बेटे ने घरवालों को दी सूचना : इधर, गोली लगने के बाद मिथिलेश सिंह खून से लथपथ जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़े। इस दौरान उनका आठ साल का पुत्र खाना लेकर जा रहा था। उसने उन्हें जख्मी हालत में जमीन पर पड़ा देखा, तो परिजनों को सूचना दी। उसके बाद उनके परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले गये। वहां से उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया गया। उसके बाद परिजन इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए। इधर, डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि मिथिलेश सिंह को गोली सिर के ऊपरी हिस्से में लगी थी और फिसल कर निकल गई थी। हालांकि गोली लगने के कारण काफी खून बह गया था। ब्लड को सिक्योर कर दिया गया है। मरीज का बीपी और पल्स बिल्कुल स्टेबल है। स्थिति बिल्कुल ठीक है।हालांकि अभी ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

पुलिस और प्रशासन की ओर से विवाद के निपटारे के बाद घटना को दिया गया अंजाम

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अबतक की जांच के अनुसार जयप्रकाश पांडेय व उनके भाइयों और मुखिया के परिवार के सदस्यों के बीच एक जमीन को लेकर विवाद था। शनिवार को भूमि विवाद को लेकर आयोजित कैंप में थानाध्यक्ष और सीओ द्वारा उसका निस्तारण भी कर दिया गया था। उसके बाद मुखिया के परिवार द्वारा उस जमीन की घेराबंदी की जा रही थी। उसी क्रम में जयप्रकाश पांडेय और उनके परिजनों द्वारा विवाद उत्पन्न करते हुए मिथिलेश सिंह पर फायरिंग कर दी गयी। उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी और मामले की छानबीन के लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित की गयी है। टीम द्वारा आरोपित पक्ष के कुछ परिजनों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। टीम में कोईलवर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार डीआईयू के अधिकारी व जवान शामिल हैं।

एक नजर

मयार्दापूर्वक मनाई गई नेताजी की जयंती

जहानाबाद। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स नेशन के नेतृत्व में गैर समझौता वादी धारा के महान क्रांतिकारी नेता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 125 वीं जयंती समारोह मयार्दा पूर्वक ग्राम घटकर में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से किया गया। उसके पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे नेता जी के विचारों को गांव शहर स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय में फैला दो, नेताजी की धरती पर छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी करो जैसे नारे लगाए गए। सभा को विभिन्न वक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया। सभा को ज्योति कुमार दिनेश प्रसाद दांगी, निर्भय कुमार, विजय सिंह दांगी सभी ने संबोधित करते हुए नेताजी का समाजवाद एवं क्रांति के सपना को निर्माण करने का आह्वान किया। वही एस यूसीआईसी के जिला सचिव उमाशंकर वर्मा ने मजदूर किसान के बदहाल हालात को ठीक करने के लिए नेताजी के संघर्षों को याद करने का आह्वान करते हुए विभिन्न समुदायों से संघर्ष को संगठित करते हुए जन आंदोलन का रास्ता अपनाने का आह्वान किया। छात्र नेता एआईडीएसओ जिला सचिव राजू कुमार ने सरकार से नेताजी जैसे देश नायक का जीवनी पाठ्यक्रम में बच्चों को पढ़ाया जाने की मांग की। जिससे उनके अंदर देशभक्ति का भावना पैदा हो सके एवं देश के छात्र-छात्रा एवं अन्य लोग अपने आप को देश के विकास में जोड़ सकें। कार्यक्रम में अंजन कुमार गोलू, मनीष कुमार, निशांत कुमार, राजा कुमार, सत्यम कुमार, नीरज कुमार, अरविंद कुमार, पंकज कुमार, राजेश्वर राम, रोहित कुमार, भुवनेश्वर यादव, विजय सिंह, निर्भय कुमार, किशोरी प्रसाद, महेंद्र सिंह, दिनेश प्रसाद, रवि शंकर कुमार, किशू कुमार व अन्य ने भाग लिया।

पदक विजेता भोला सिंह का भव्य स्वागत

जहानाबाद। नेशनल जूनियर पदक विजेता भोला सिंह एवं कोच गिरिजेश कुमार उर्फ मनीष कुमार को तमिलनाडु से वापस अपने घर पहुंचने पर जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिला में 27 दिसंबर 2022 से 7 जनवरी 2023 तक चली। बिहार के चार मेडल प्राप्त हुए। जिसमें भोला सिंह स्नैच का रिकॉर्ड बनाते हुए कुल भार 297 किग्रा उठाकर कांस्य पदक जीता। जहानाबाद के वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों द्वारा भोला सिंह एवं मनीष कुमार को जिला भारोत्तोलन के कोषा अध्यक्ष अंशु कुमार, एसएन सिंहा कॉलेज जहानाबाद के खेल प्रभारी मिथिलेश सिंह, जहानाबाद जिला परिषद सोनू राधे, जाप प्रदेश महासचिव अमरजीत कुमार और खिलाड़ियों द्वारा दोनों को गुलदस्ता एवं पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सभी एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाइयां दी। कोच मनीष कुमार ने बताया कि भोला सिंह जिले का गर्व है, हर साल मेडल बिहार को दे रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित वरीय खिलाड़ी, गौरव कुमार, सागर, अखिलेश, शौर्य प्रताप सिंह, विशाल, अंशु, गौरव, शशि, हर्ष, यशराज, अमरजीत, विनय प्रसाद, आकाश, अमन गोपाल, मोनिका शर्मा, जूही चावला, पूजा कुमारी एवं भोला सिंह के भाई कुन्दन सिंह, निवास कुमार, प्रिया रंजना गिरजा, नंदन, अभिषेक, विकास, प्रकाश आदि उपस्थित थे।

लोक अदालत की सफलता को ले हुई बैठक

जहानाबाद। 11 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर शुक्रवार को स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित थानाध्यक्ष को संबोधित करते हुए सचिव अजय कुमार ने न्यायालय द्वारा जारी राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित नोटिस का तामिला यथाशीघ्र करा कर सूचित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकार को नोटिस का तमिला करा कर उनसे उनका मोबाइल नंबर प्राप्त करें। साथ ही, बैंकलीन मामले में प्रकारों को नोटिस का तमिला करा कर उनका मोबाइल नंबर संबंधित पक्षकारों को संबंधित न्यायालय द्वारा सूचना देकर बुलाया जा सके और मामले के निपटारे के लिए प्रेरित किया जा सके। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निपटारा हो सके उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले थानाध्यक्ष पर असंतोष जाहिर किया। बैठक में नगर थानाध्यक्ष, मखदुमपुर थानाध्यक्ष, महिला थाना अध्यक्ष, टेहता ओपी थाना अध्यक्ष और सिकरिया थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

केटी न्यूज/डुमरांव

नेहरू युवा केंद्र, बक्सर द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नवरंग कला मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवरंग कला मंच, डुमरांव के द्वारा अनुराग संगीत कला केंद्र डुमरांव में कराया गया।

जिसका उद्घाटन पूजा श्रीवास्तव व्याख्याता, अंग्रेजी विभाग तथा डॉ संजय कुमार सिंह व्याख्याता, भूगोल विभाग, इंटर कॉलेज डुमराव, अनुराग मिश्र, व्याख्याता संगीत विभाग, प्लस 2 राज उच्च विद्यालय, विमलेश सिंह, डॉक्टर भास्कर मिश्र द्वारा सामूहिक रूप से स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न क्लबों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी। प्रथम स्थान पर चांदनी रोशन, द्वितीय स्थान पर निधि गौतम तथा तृतीय स्थान के लिए स्नेहा कुमारी का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में अनुराग मिश्र, पूजा चतुर्वेदी तथा शाहिद अंसारी शामिल थे। चयनित प्रतिभागियों को 19 जनवरी को बक्सर में सम्मानित किया जाएगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में नवरंग कला मंच, नेहरू युवा विकास समिति, शांति महिला विकास समिति के अलावा अनेकों क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर दर्जनों गणमान्य मौजूद थे।

मुजफ्फरपुर को 20 रनों से हराकर फाइनल में पहुंचा गया

फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता

- अंतिम सेमीफाइनल में शनिवार को धनबाद रेलवे व वाराणसी के टीमों के बीच होगा मैच

केटी न्यूज/बक्सर

17 वीं फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को पहला सेमीफाईनल मैच खेला गया। किला मैदान ग्राउंड पर खेले गए इस पहले सेमीफाइनल मुकाबले में गया की टीम ने मुजफ्फरपुर की टीम को कांटे के मुकाबले में 20 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आज के मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर दिलशाद अहमद एवं

विजेता खिलाड़ियों के साथ समिति के सदस्य

शिक्षाविद डॉ रमेश सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। उनके साथ अन्य सम्मानित अतिथि इंद्र प्रताप सिंह, लता श्रीवास्तव, जय प्रकाश वर्मा, गणेश प्रसाद, दीनानाथ ठाकुर, मुकेश सर्राफ, मनोज राय, गुड्डू सिंह, पिंटू सिंघानिया, ओमजी यादव, नंदू पांडे, विक्रांत सिंह, ऋषिकेश त्रिपाठी, अखिलेश पांडे, अजय मिश्र, राम इकबाल सिंह, प्रमुदित उपाध्याय, सेठ छन्नूलाल वर्मा, रोटेरियन दिनेश जायसवाल आदि मौजूद थे।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गया की टीम 134 रन बनाकर आउट हो गई मुजफ्फरपुर की ओर से मयंक 4 विकेट राहुल 2 विकेट एवं प्रशांत ने एक-एक विकेट चटकाए इसके जवाब में मुजफ्फरपुर की टीम 20 वे ओवर में 114 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसमें सर्वाधिक रन सैंकी 28 रन सोनू 27 रन एवं समीर 15 रनों का योगदान दिया। गया की ओर से गौतम ने चार विकेट निक्कू सिंह दो विकेट अर्नव दो विकेट एवं एक-एक विकेट राजू एवं सुदर्शन ने लिया। मैच के दौरान किला मैदान में हजारों हजार दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और प्रत्येक चौके छक्के पर हजारों रुपए का पुरस्कार भी प्रदान किया। गया की जर्सी के प्रायोजक पिंटू सिंघानिया और मुजफ्फरपुर की टीम के जर्सी के प्रायोजक बीआर ग्रुप है। शनिवार का मैच धनबाद रेलवे बनाम वाराणसी के बीच खेला जाएगा।

जिले के मरीजों को बायोप्सी जांच के लिए नहीं जाना होगा बनारस या पटना

मुंह के कैंसर के मरीजों के लिए सदर अस्पताल में बायोप्सी की सुविधा

- बीपीएल या आयुष्मान भारत कार्ड के लाभुकों का नि:शुल्क इलाज

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में मुंह के कैंसर के मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब मुंह के कैंसर के मरीजों को बायोप्सी कराने के लिए वाराणसी या पटना का चक्कर नहीं लगाना होगा। क्योंकि सदर अस्पताल में बायोप्सी की सुविधा उपलब्ध है। अब मरीजों के लिए नियमित रूप से बायोप्सी जांच की जा रही है। होमी भाभा कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर के डॉ. वरुण सांक्रीत ने बताया कि राज्य सरकार की पहल

मरीज की जांच करते चिकित्सकगण

पर अब बक्सर जिले में बायोप्सी की सुविधा उपलब्ध है। हालांकि, बीपीएल कार्ड व आयुष्मान भारत कार्ड वाले लोगों की कैंसर की बायोप्सी पूरी तरह से नि:शुल्क रखी गई है। लेकिन, जिन लोगों के पास ये कार्ड्स नहीं है उनके लिए शुल्क निर्धारित की गई है। जो निजी संस्थानों से काफी कम है। इस सुविधा के शुरू हो जाने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान होने से मरीज का समय से इलाज संभव है।

बायोप्सी से जल्द हो जाती है कैंसर की पहचान : होमी भाभा कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर की डॉ. आयुषी ने बताया, बायोप्सी के माध्यम से आसानी और कम समय में कैंसर की पहचान हो जाती है। इसके लिए मरीज के मुंह के अंदर प्रभावित इलाकों से टिशू नमूने के रूप में लिए जाते हैं। जिसके बाद मशीन से उसकी जांच होती है। हालांकि, बायोप्सी कई प्रकार की होती है। कई स्थानों पर ऑप्टिकल बायोप्सी की भी सुविधा है। उन्होंने बताया कि कैंसर की प्रारंभिक पहचान मरीज स्वयं कर सकते हैं। इसके लिए लक्षणों की पहचान जरूरी है। स्वयं जांच करने के लिए मरीज को अपने मुंह को साफ पानी से धोते हुए कुल्ला करना होगा। उसके बाद आइने के सामने अच्छी रोशनी में सफेद या लाल छाले, न ठीक होने वाले पुराने जख्म या घाव के साथ पूरा मुंह न खोल पाने जैसी बातों की जांच करनी है। यह परीक्षण महीने में एक बार अनिवार्य है। इससे कैंसर के लक्षणों की पहचान होगी। अगर उनमें मुंह के कैंसर के प्रारंभिक लक्षण दिखे, तो तुरंत उन्हें डॉक्टर की सलाह लेने को कहें।

मुंह के कैंसर के लक्षण दिखने पर डॉक्टर से करें संपर्क

मुंह में बनी रहने वाली किसी भी प्रकार की असहजता, घाव या दर्द की स्थिति में डॉक्टर से मिलकर इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। यदि ये लक्षण दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक बने रहते हैं तो इसे गंभीरता से लेते हुए डॉक्टर की सलाह के आधार पर जांच जरूर करा लेनी चाहिए, यह कैंसर का संकेत हो सकता है।

- होंठ या मुंह का घाव जो ठीक न हो रहा हो।
- मुंह के अंदर सफेद या लाल रंग का पैच नजर आना।
- दांतों में कमजोरी।
- मुंह के अंदर गांठ जैसा अनुभव होना, इसमें होने वाला दर्द।
- निगलने में कठिनाई या दर्द।

खबरें फटाफट

चर्चित मूर्तिकार कृष्णमुरारी का निधन, शोक में डूबा कला जगत



डुमरांव। डुमरांव के चर्चित मूर्तिकार कृष्ण मुरारी का निधन हो गया है। वे लगभग चार दशक से मूर्तिकला क्षेत्र में सक्रिय थे। उनकी बनाई मूर्तियों की डिमांड दूर दूर तक होती थी। वे मूल रूप से डुमरांव के छठिया पोखरा इलाके के रहने वाले थे। उनके निधन से न सिर्फ मूर्ति कला बल्कि संपूर्ण कला जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके निधन की खबर मिलते ही कलाकारों व सामाजिक राजनीतिक सरोकार से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। लोगों ने बताया कि उनके जैसा कलाकार विरले ही पैदा होता था। न सिर्फ उनके मूर्तियों की डिमांड होती थी बल्कि मूर्ति बनाने के लिए उन्हें बंगाल तक बुलाया जाता है। वे मूर्तिकला के साथ ही संगीत कला में भी गहरी रूचि रखते थे। लेकिन उनकी मुख्य पहचान मूर्तिकार की ही थी।

5 ली. शराब बरामद, कारोबारी फरार

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी पुलिस ने स्थानीय गांव के एक घर में गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए पांच लिटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस के पहुंचते ही शराब कारोबारी फरार हो गया। उसकी पहचान खुरी चौधरी के रूप में की गई है। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त आरोपी अपने घर में शराब का स्टाक किया है। जिसके बाद एक टीम बना छापेमारी की गई थी। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पत्रकार को मातृशोक

डुमरांव। डुमरांव के वरिष्ठ पत्रकार कमलेश सिंह और सीआरपीएफ के शहीद डिप्टी कमांडेंट स्व विश्वंभर सिंह की माता सुहागी देवी का निधन हो गया है। उनका निधन बुधवार को पैतृक गांव उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला के युवराज पुर गांव में हुई है। स्व सुहागी देवी पत्रकार कमलेश सिंह की माता के साथ ही डुमरांव राज हाई स्कूल के चर्चित शिक्षक रहे स्व रामाकांत सिंह उर्फ एमएससी मास्टर की पत्नी थी। पिछले कई दिनों से उनकी तबियत खराब चल रही थी। डुमरांव में लंबे समय तक रह चुकी सुहागी देवी अपने कुशल व्यवहार के बल पर गाजीपुर जिले युवराजपुर ग्राम सभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट प्राप्त कर वर्ष 2015 से 2020 तक प्रधान रह कर लोगों की सेवा करती रही। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षाविदों, पत्रकार बन्धुओं व सामाजिक कार्यकताओं के बीच शोक की लहर दौड़ गई।

चौसा आंदोलन: किसानों के समर्थन में खड़ा हुआ पक्ष और विपक्ष, लग रहा नेताओं का जमावड़ा

किसानों को 2013 की दर से मुआवजा देना अन्याय: सुमो

मांगा मुआवजा मिली लाठियां

केटी न्यूज/बक्सर

चौसा के बनारपुर में मंगलवार की रात आंदोलनकारी किसानों के घर में घुस पुलिस द्वारा बर्बर तरीके से किए गए लाठी चार्ज के खिलाफ सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को भी सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों का जमावड़ा बनारपुर में लगा रहा। एक तरफ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बनारपुर पहुंच इस घटना का जायजा लिया तो दूसरी तरफ लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान बनारपुर पहुंच पीड़ित किसानों का हाल चाल लिया। वहीं जाप प्रमुख पप्पू यादव, राजद नेता व पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह समेत दर्जनों नेताओं ने शुक्रवार को चौसा का दौरा किया। जबकि माले ने डुमरांव में प्रतिवाद मार्च निकाल पुलिसिया जुल्म के खिलाफ किसानों के साथ खड़े होने की बात कही है।

इसके पहले गुरुवार को विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रांतीय भाजपा नेता ओम प्रकाश भुवन, बक्सर सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, सदर विधायक संजय कुमार उर्फ मुन्ना तिवारी, डुमरांव के माले विधायक डा अजित कुमार सिंह भी बनारपुर पहुंच एक स्वर में इस घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों व प्रशासनिक अधिकारियों को बर्खाश्त करने की मांग की थी।

कंपनी मुआवजा देने को तैयार लेकिन राज्य सरकार लगा रही अडंगा - सुशील मोदी: शुक्रवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी चौसा के बनारपुर गांव पहुंच पुलिसिया जुर्म के शिकार ग्रामीणों से मुलाकात किया। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषी लोगों को सस्पेंड नहीं बर्खाश्त किया जाए। बनारपुर में सभा को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि सरकार चाहे किसी की भी हो लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। ऐसे में किसानों को यदि उचित मुआवजा नहीं मिला तो इसके जिम्मेदार नीतीश कुमार ही हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी बढ़े दर से मुआवजा देने को तैयार है लेकिन राज्य सरकार ही अड़ंगा लगा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि किसानों को उचित मुआवजा क्यों नहीं दिया गया है। जबकि एसजेवीएन कंपनी बार-बार यह कह रही है कि राज्य सरकार हमें जो मुआवजा देने के लिए कहेगी हम देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 2013-14 की दर से मुआवजा देना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने पुलिस के अमानवीय कृत्य खासकर घर में घुसकर महिलाओं पर लाठीचार्ज को अमानवीय करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस थानाध्यक्ष को 8 महीना पहले यहा से हटा दिया गया था वह कैसे जमे हुए थे। सुशील मोदी ने कहा कि अब नीतीश कुमार उन लोगों के साथ हैं, जो लाठी में तेल पिलाने की अपील करते थे।उनकी भाषा और शासन शैली, दोनों लट्ठमार हो गई है।

चिराग के काफिले में शामिल कार के धक्के से जवान घायल

केटी न्यूज/चौसा

शुक्रवार को बनारपुर गांव में चल रहे किसानों के आंदोलन में पहुंचे लोक जनशक्ति पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान के काफिले में शामिल एक वाहन ने एक पुलिस जवान को धक्का मार दिया। घायल पुलिस जवान की पहचान श्रवण कुमार के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस को टक्कर मारने के बाद चिराग पासवान का काफिला रुका नहीं। घायल पुलिस जवान श्रवण खगड़िया के रहने वाला हैं। उनके पैर में चोट लगी है। बताया जा रहा है कि बनारपुर मस्जिद के समीप चिराग पासवान के काफिले में शामिल किसी वाहन का चक्का जवान के पैर पर चढ़ गया। घटना के तुरंत बाद उसे अस्पताल ले जाया गया।

किसानों, नौकरी मांगने वालों पर ढाया जा रहा जुल्म : पप्पु यादव

बनारपुर में जन अधिकार पार्टी के सुप्रिमो पप्पू यादव ने कहा कि मुफस्सिल थानाध्यक्ष आखिर किसके इशारे में चौसा में रूके थे तथा वे इलाके से मोटी रकम की वसूली कर किन किन अधिकारियों तक पहुंचाते थे इसकी जांच सीआईडी से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक तो अब किसानों के पास जमीन नहीं बची है। बावजूद राज्य सरकार उसका अधिग्रहण करती है तो उचित मुआवजा नहीं मिलता है। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में लैंड पॉलिसी, अधिग्रहण पॉलिसी व कंपनी पॉलिसी में सुधार की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण मामले में सबसे उदासीन रवैया बिहार सरकार का ही है। उन्होंने कहा कि यहा किसानों, नौकरी मांगने वालों, गरीब गुर्बो पर जुल्म ढाया जा रहा है। उन्होंने दोषी अधिकारियों को सीधे बर्खाश्त करने की मांग की और कहा कि वे किसानों के साथ खड़े हैं। उनकी मांगे जायज हैं तथा उन्हें आज की दर से मुआवजा मिलनी चाहिए। इसके पहले उन्होंने गांव में पदयात्रा कर किसानों को भयमुक्त रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दे पर वे उनके साथ खड़े हैं।

किसानों की आवाज को बलपूर्वक दबाना अनुचित : सुधाकर सिंह

बनारपुर पहुंचे राजद नेता तथा पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने कहा कि बिहार में कृषि व्यवस्था पहले से ही चौपट है। किसानों की आवाज व उनके हक का बलपूर्वक हनन करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी कीमती जमीन का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। किसान मुआवजा के लिए आंदोलन कर रहे थे तो आखिर किस वजह से उनके घरों में घुसकर लाठियां बरसाईं गईं। किसके आदेश पर ऐसा हुआ। मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे किसानों के साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि कृषि मंत्री रहते हुए सुधाकर सिंह ने सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोल दिया था। बाद में उन्हें मंत्री पद छोड़ना भी पड़ा था। बावजूद सुधाकर के तेवर सीएम के प्रति नरम नहीं हुए है। सुधाकर के चौसा पहुंच किसानों का समर्थन करने से सियासत और गरमा गई है।

किसानों पर जुल्म के खिलाफ मौन अनशन पर रहे सांसद

केटी न्यूज/चौसा

बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा रामचरित्रमानस का अपमान किए जाने तथा चौसा में किसानों और महिलाओं की पुलिस द्वारा बर्बर तरीके से पिटाई के खिलाफ स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे शुक्रवार को एक दिवसीय मौन अनशन पर रहे। उन्होंने गुरुवार को ही घोषणा कर दी थी कि वे शनिवार को ग्यारह बजे से मौन पर बैठेंगे। तय कार्यक्रम के अनुरुप वे स्टेशन रोड के अंबेडकर के पहुंच गए। वहां उनका मौन अनशन प्रारंभ हो गया है। दोपहर दो बजे के लगभग उनसे मिलने राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी भी पहुंचे। इन दोनों के मध्य कागज पर लिखकर आपस में संवाद किया गया। वहां से मोदी चौसा के किसानों से मिलने पहुंचे।

बिहार के प्रशासन को यूपी से लेनी चाहिए सीख: रणजीत सिंह राणा

केटी न्यूज/बक्सर

♦ किसानों की कीमती जमीन का मोल सरकार ने कौड़ियों के भाव तय कर दिया है

चौसा की घटना निंदनीय है। इस घटना में पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया है। जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा मिलने की रफ्तार बिहार में सबसे धीमी है। जिसका असर विकास योजनाओं की रफ्तार पर पड़ रहा है। उक्त बातें जिले के चर्चित किसान नेता रणजीत सिंह राणा ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार के प्रशासन को यूपी प्रशासन से सीख लेनी चाहिए। यूपी प्रशासन ने 345 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को मात्र तीन सालों में बनाकर तैयार कर लिया। जबकि बिहार में मात्र 140 किलोमीटर लंबे बक्सर पटना फोरलेन सड़क का निर्माण 15 वर्षों में भी पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि इसमें स्थानीय प्रशासन का शिथिल रवैया जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण के बाद सरकार बहुत पुराने दर से मुआवजा देती है। जिससे किसानों में असंतोष उत्पन्न होता है।

उन्होंने चौसा की घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि किसानों की कीमती जमीन का मोल सरकार ने कौड़ियों के भाव तय कर दिया है। जिससे नाराज किसान आंदोलन कर रहे है। इसके बाद प्रशासन ने अदूरदर्शिता दिखाते हुए उनपर बर्बर तरीके से लाठी चार्ज कर दिया। किसान नेता ने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही की भेंट बिहार की विकास योजनाएं चढ़ रही हैं।

किसानों से मिलकर दर्द बांटने पहुंचे चिराग पासवान

माले ने प्रतिवाद मार्च निकाल किसानों के हक में उठाई आवाज

केटी न्यूज/डुमरांव

चौसा प्लांट में आंदोलनकारी किसानों व बनारपुर ग्रामीणों पर अमानवीय व गैर-कानूनी पुलिसिया दमन के खिलाफ भाकपा माले और अखिल भारतीय किसान महासभा ने डुमराँव शहर में शुक्रवार को प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च माले कार्यालय से निकला तथा गोला रोड़, शहीद पार्क होते हुए डुमरांव थाना पहुँचा जहाँ उसे सभा में बदल दिया गया। सभा का संचालन धर्मेन्द्र सिंह ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य उपाध्यक्ष अलख नारायण चौधरी ने कहा कि चौसा में निर्मित हो रहा थर्मल पावर प्लांट निर्माण कार्य चला रहा है। इसके लिए 2010-11 में ही लगभग एक हजार एकड़ जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। तय हुआ था कि 36 लाख रु. प्रति एकड़ की दर से जमीन का मुआवजा मिलेगा, लेकिन अपने वादे से मुकरते हुए सरकार महज 28 लाख रु. प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने लगी। किसानों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। 50 प्रतिशत से अधिक किसानों ने मुआवजा नहीं लिया है। कंपनी ने यह भी वादा किया था कि मुआवजे के साथ-साथ कंपनी के सीएसआर फंड से इलाके में स्कूल, होटल एवं रोजी-रोजगार के संसाधन बढ़ाने तथा नौकरी में स्थानीय लोगों को वरीयता दिया जाएगा। तब जाकर किसानों ने एग्रीमेंट पर दस्तख्त किए थे, लेकिन एग्रीमेंट के बाद कम्पनी अपनी बात से मुकर गई।

मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

केटी न्यूज/डुमरांव

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में जमीन विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के दो लोग जख्मी हुए है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट व रूपया छिनने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। एक पक्ष के अंकित सुमन पिता आशुतोष पांडेय ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उनके परिवार की अनुपस्थिति में उनके पड़ोसी कृष्ण कुमार पांडेय ने मेरी दीवाल के उपर छत बना लिया था।

जिसका विरोध तथा शिकायत दर्ज कराने के बाद पंचायती भी हुई थी। जिसमें छत हटाने की बातें हुई थी। बावजूद वे निर्माण जारी रखे थे। इसका विरोध करने पर गुरूवार को कृष्ण कुमार पांडेय, वेद व्यास पांडेय आदि ने रामा, टांगी जैसे धारदार हथियारों से हमला करना चाहा। जिसके बाद मैं भागकर घर में छिपना चाहा। लेकिन वे लोग मेरे घर में घुस मेरे साथ मारपीट किए तथा बीच बचाव करने आई मेरी मां व बहन के साथ भी अभद्रता की गई।

सुमन ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान वे लोग मेरे पाकेट से 2 हजार रूपए नकद तथा पांच हजार रूपए मूल्य के इलेक्ट्रानिक तराजू आदि ले भागे है। जबकि दूसरे पक्ष के कृष्ण कुमार पांडेय ने भी पिता पुत्र पर मारपीट व दो हजार रूपए छिनने का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण के लिए डुमरांव विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

सोनवर्षा में जल्द शुरू होगा 10 आधुनिक बेड का अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र

● भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग को देखते हुए बन सकता है ट्रॉमा सेंटर

केटी न्यूज/नावानगर

सोनवर्षा में दस बेडों वाला अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की कवायदें बढ़ गई है। शुक्रवार को विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला परियोजना पदाधिकारी ने स्थल निरीक्षण कर हरी झंडी दे दी है। इसके लिए सोनवर्षा उच्च विद्यालय के पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 319 के किनारे का स्थल चयन किया गया है। चयन स्थल हाई स्कूल सोनवर्षा का है। पर स्कूल से उक्त जमीन लगभग 500 फीट दूरी पर है। जिससे उक्त जमीन विद्यालय मद में कभी भी यूज नहीं हो सकती है। इधर विधायक ने बताया कि इस स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण से हजारों लोगों को लाभ होगा। भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर का भी निर्माण करने की योजना बन सकती है। स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। स्थल निरीक्षण के दौरान सोनवर्षा एवं कड़सर के मुखिया प्रतिनिधि क्रमशः मंटू पटेल, विजय सिंह, माले के नावानगर प्रखंड सचिव हरेन्द्र राम, नीरज कुमार, मड़ियां पंचायत के पूर्व मुखिया रामदेव सिंह, इनौस नेता धर्मेन्द्र सिंह, आइसा नेता धनजी, सुरेंद्र कुशवाहा, रवि मौर्य, नासिर हसन व अन्य थे।

निरीक्षण करते डुमरांव विधायक व अन्य

इलाज के लिए 15 किलोमीटर तय करनी पड़ती है दूरी : प्रखंड के छह पंचायत के ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श व उपचार के लिए 15 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी या फिर निजी क्लिनिक पर जाना पड़ता है। ऐसे में सोनवर्षा में दस बेड वाला अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र होने से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में सहुलियत होगी।

दो जगह की गई थी जमीन की मापी : पूर्व मुखिया प्रतिनिधि के अनुसार सोनवर्षा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लिए पंचायत मुख्यालय में दो स्थानों पर जमीन मापी की गई। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र भवन 30/35 मीटर में होगी। इस अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की रहने की भी व्यवस्था होगी। बताया कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन लगभग सवा करोड़ की लागत से बनाई जाने की योजना है।

छह पंचायत के लोगों को होगी विशेष राहत : सोनवर्षा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र होने से छह पंचायत के दर्जनों गांव के लोगों को विशेष राहत मिलेगी। जिसमें स्थानीय पंचायत के अलावा परमानपुर, कड़सर, वैना, मणियां व गिरिधर बरांव पंचायत के गांव है। यहां तक की भोजपुर के पींरो प्रखंड के कई गांव के लोग भी नजदीकी बाजार होने से सोनवर्षा पहुंचते हैं। संभवतः वैसे लोग भी अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र से लाभ ले सकते हैं।

छोटी खबरें

आरोपी के घर 82 की नोटिस चस्पा

गाजीपुर। नंदगंज थाने की पुलिस ने बीते वर्ष नंदगंज में हुई लूट के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त अजय उर्फ गुड्डू यादव पुत्र सतीराम यादव निवासी पवई लाड़पुर थाना सरायमीर जिला आजमगढ़ के घर जाकर 82 की नोटिस चस्पा की गई। थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप ने बताया कि नन्दगंज- शादियाबाद मोड़ पर ग्राहक सेवा केंद्र से पिछले वर्ष 28 फरवरी 2022 को दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि तीसरा अभियुक्त अजय उर्फ गुड्डू यादव फरार चल रहा था। जिस पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 82 के तहत कार्रवाई की गई है।

16 जनवरी को खिचड़ी सह भोज

बलिया। जिले के बिल्थरारोड राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाए जाने वाले छः उत्सवों में से एक मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर के द्वारा सामाजिक समरसता का प्रतीक,खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया 16 जनवरी सोमवार को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक राधिका मैरिज हाल के प्रांगण में होगा। उक्त सामाजिक समरसता सहभोज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महंत कौशलेन्द्र गिरि जी श्रीनाथ मठ रसड़ा होंगे तथा पाथेयामृत विनय जी(सह-प्रान्तकार्यवाह,गोरक्ष प्रांत) का रहेगा। उक्त सूचना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर के सह-नगर कार्यवाह विजय जी ने दी। उन्होंने बताया कि समाज से छुआछूत और रूढ़ियों को समाप्त कर समरसता एवं स्वाभिमान जगाने एवं संगठन का भाव निर्माण करने का पर्व है मकर संक्रांति। यह पर्व अपने अंदर चेतना जगाने और भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का है। विभिन्न जातियों में बंटे हिन्दू समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। कहा कि जब तक हिन्दू समाज संगठित नहीं होगा, भारत माता के अस्तित्व पर खतरे के बादल मंडराते रहेंगे। उन्होंने सभी नगरवासी व स्वयंसेवक बंधु उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम के सहभागी बने।

जनपद में इस वर्ष 16 जनवरी को मनाया जाएगा 'एकीकृत निक्षय दिवस'

- टीबी, फाइलेरिया, कुष्ठ व कालाजार की भी होगी स्क्रीनिंग व जांच
- एचडब्ल्यूसी, पीएचसी व जिला चिकित्सालय में होगा आयोजन
- मरीजों को चिन्हित कर प्रदान की जाएंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

केटी न्यूज/बलिया

जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा में विविध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस बार 15 तारीख को रविवार अवकाश होने की वजह से सोमवार (16 जनवरी) को ह्यएकीकृत निक्षय दिवसह्न मनाया जाएगा। इस दिवस पर इस बार से नई पहल शुरू की गई है। इस दिन टीबी रोगियों के साथ फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार से ग्रसित रोगियों को चिन्हित कर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. जयन्त कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शहरी क्षेत्र के 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, व जिला चिकित्सालय में एकीकृत निक्षय दिवस पर निक्षय गतिविधियों के साथ कुष्ठ, फाइलेरिया और कालाजार उन्मूलन गतिविधियों पर जोर दिया जाएगा। इन बीमारियों के रोगियों को चिन्हित कर उन्हें उपचार, परामर्श व आवश्यक दवाएं दी जाएंगी। उन्होंने आशा कार्यकताओं को निर्देशित किया कि दिवस के पूर्व सभी आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण के दौरान टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया, कालाजार उन्मूलन के लिए समुदाय को जागरूक करें जिससे वह स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर इन बीमारियों से बचाव व उपचार का लाभ ले सकें।

डॉ. जयन्त कुमार, सीएमओ, बलिया

10 प्रतिशत मरीजों की बलगम की जांच की जाएगी : जिला क्षयरोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. आनन्द कुमार ने बताया कि 16 जनवरी को मनाए जाने वाले निक्षय दिवस पर समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय की वाह्य मरीज विभाग (ओपीडी) में आने वाले मरीजों के 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षयरोगियों को जाँच व इलाज की सुविधा के साथ ही स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से पोषण सामग्री और भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है । क्षय रोगियों को इलाज के दौरान हर माह 500 रुपए पोषण भत्ता भी मिलता है।

मरीजों को सेंटर पर लाएंगी आशा कार्यकर्ता

सीएमओ ने बताया कि आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया व कालाजार के संभावित मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाएंगी। सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) मरीजों की प्रारम्भिक जांच एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच करेंगे। इसके साथ ही बलगम का नमूना लेंगे। उसे निक्षय पोर्टल पर आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा। सीएचओ और आशा के जरिए निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। सीएचओ जांच में टीबी, फाइलेरिया, कुष्ठ व कालाजार की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेंगे। हाथी पांव (फाइलेरिया) के चिन्हित मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ एमएमडीपी किट वितरण और उसके उपयोग के बारे में जानकारी देंगे। हाइड्रोसील एवं संभावित कालाजार और कुष्ठ के रोगियों की सूची बनाकर उपचार के लिए सीएचसी रेफर करेंगे।

वाराणसी से लाइव प्रसारण किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम

बूढ़े महादेव सैदपुर व जमानियां बलुआ घाट जेट्टियों का पीएम ने किया वर्चुवल लोकार्पण

- सामुदायिक जेट्टियों के समीप यात्रियों के ठहरने व विश्राम की होगी व्यवस्था
- आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने एवं नदी के आर-पार परिवहन को सुगम बनाया जा सकेगा

केटी न्यूज/गाजीपुर

मंचासीन जिला परिषद अध्यक्ष, डीएम व अन्य

भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक की तकनीकी एवं आर्थिक सहायता से जलमार्ग विकास परियोजना के तहत अर्थगंगा की संकल्पना पर उत्तर प्रदेश में जलमार्ग संख्या 1 (गंगा नदी के तटों पर 15 स्थानों पर वाराणसी से लेकर बलिया तक आधुनिक सामुदायिक जेट्टियों का निर्माण किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को तहसील सैदपुर अन्तर्गत बूढेनाथ महादेव घाट एवं तहसील जमानियां अन्तर्गत बलुआघाट पर एक-एक जेट्टियों का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से संत रविदास घाट वाराणसी से किया गया। इस मौके पर सैदपुर के बूढेनाथ महादेव घाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुवल लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। इन सामुदायिक जेट्टियों पर नाव के ठहराव एवं यात्रियों के उतरने चढ़ने के लिए उचित व्यवस्था तथा तट पर आने वाले यात्रियों के ठहराव एवं विश्राम के लिए एक विश्राम स्थल इत्यादि अन्य विभिन्न तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी।

इन सामुदायिक जेट्टियों के माध्यम से नदी तट पर रहने वाले किसान, छोटे व्यापारी, उद्यमी, मछुआरे एवं अन्य नागरिकों को नदी के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने एवं नदी के आर-पार परिवहन को सुगम बनाया जा सकेगा। इनके निर्माण से आस पास के क्षेत्र में लघु औद्योगिक इकाईयों को बल मिलेगा तथा रोजगार मे बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह उपजिलाधिकारी सैदुपर, तहसीलदार सैदपुर एवं जमानियां के बलुआघाट पर उपजिलाधिकारी जमानियां भारत भार्गव, तहसीलदार जमानिया एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि वाराणसी से लेकर कोलकाता तक जल परिवहन विभाग द्वारा लगभग 25 करोड़ मूल्य से 60 फ्लोटिंग जेट्टी (अस्थाई जल परिवहन स्टेशन) लगवाये गए हैं। जो क्षेत्रीय स्तर पर गंगा नदी में बोटिंग कराने जैसे रोजगार के नए अवसरों को जन्म देंगे। इसके साथ ही यह सैलानियों को लेकर गंगा नदी से गुजरने वाली विशाल क्रूज के लिए विशेष परिस्थितियों में सहायक साबित होंगी।

महत्वाकांक्षी योजनाओं से आर्थिक रूप से मजबूत होगा अपना प्रदेशः सांसद

बलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बलिया की ग्राम पंचायत हुकुम छपरा गंगा घाट पर स्थित सामुदायिक जेटी का उद्घाटन किया। इस दौरान वाराणसी से डिब्रुगढ़ जाने वाली गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम को हुकुम छपरा गंगा घाट से लाइव टेलीकास्ट का प्रसारण दिखाया गया।

पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद हुकुम छपरा गंगा घाट पर कार्यक्रम के तहत सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, भाजपा अध्यक्ष जय प्रकाश साहू व भारतीय अंतरदेशीय प्राधिकरण पटना के उप निदेशक अमित कुमार,उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया व सामुदायिक जेटी का फीता काटकर उद्घाटन किया। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि भारत विकासशील से विकसित देश की ओर बढ़ रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चल रहा है। सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजनाओं से देश के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूती तो मिलेगी ही साथ ही रोजगार के भी अवसर प्राप्त होंगे। विदेश के लोग भी हमारी ताकत को समझेंगे। आम जनमानस को उत्तर प्रदेश, बिहार,असम, बंगाल होते हुए बांग्लादेश के भी रमणिका स्थान को देखने का अवसर प्राप्त होगा और आर्थिक रूप से भारत मजबूत भी होगा। यही हमारे अर्थ गंगा का मूल मंत्र है।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण के उपनिदेशक अमित कुमार और उप जिलाधिकारी बैरिया अत्रेय मिश्रा ने इस योजना से होने वाले लाभ को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विधायक जय प्रकाश अंचल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, इंजीनियर उत्कर्ष सिंह, रवि कुमार, अश्वनी ओझा, कन्हैया सिंह, श्याम सुंदर उपाध्याय, सीबी मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव, अयोध्या प्रसाद हिंद, पंडित राज नारायण तिवारी, कौशल किशोर पांडेय व अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अवनीन्द्र कुमार ओझा ने किया।

एक नजर

जन चौपाल में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

मऊ। शुक्रवार को कोपागंज विकासखंड के ग्राम सभा कछिकला और चोरपा कला में ब्लॉक समाज कल्याण स्वास्थ अधिकारियों ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर खंड विकास अधिकारी हरिमोहन सिंह ने बताया कि हम अपने क्षेत्र के हर उस अंतिम व्यक्ति तक सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। कुछ लापरवाह जिम्मेदारों की वजह से योजना का लाभ ग्रामीणों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि गांव-गांव जन चौपाल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना मनरेगा, राष्ट्रीय आजीविका मिशन वृद्धा पेंशन विकलांग, विधवा आदि ग्राम विकास द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी दी गयी। आंगनबाड़ी विभाग, शिक्षा विभाग कृषि विभाग आदि के अधिकारियो ने अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी दिया। इस मौके पर एडीओ आईएसडी राकेश सिंह, एडीओ समाज कल्याण जगदीश सिंह सीडीपीओ अश्वनी राय और ग्राम प्रधान के अलाव ब्लाक स्तरीय कर्मचारियों सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री ने सेक्टर प्रभारियों के साथ की बैठक

बलिया। पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने 13 जनवरी शुक्रवार को पटेल नगर स्थित संजय मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी चितबड़ागांव मण्डल के चितबड़ागांव सेक्टर के सेक्टर संयोजकों को चितबड़ागांव बूथ पटेल नगर, चितेश्वर नगर, गांधी नगर, आजाद नगर, सुभाष नगर के सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्य गण व सभी कार्यकताओं को मध्य नजर रखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए भूत प्रभारी क्यों को हिदायत देते हुए की सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बल दिया। इस अवसर पर सुमन, गोपाल सिंह,भाजपा नेता अमरजीत सिंह, आनन्द सिंह, रविप्रकाश पान्डेय, अभिषेक तिवारी, विजय बहादुर सिंह, राजू तिवारी, भरत राय, बृज कुमार सिंह, शिवमंगल सिंह, अवनेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

दवा की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

बलिया। नगर पंचायत स्थित कृषि मंडी के सुपर मार्केट में दवा की दुकान में गुरुवार की आधी रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लगभग चार लाख की दवा और सामान जलकर खाक हो गया। चितबड़ागांव कृषि मंडी द्वारा निर्मित सुपर मार्केट में रवि प्रकाश श्रीवास्तव की दवा की दुकान है। गुरुवार की रात लगभग 1:00 बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दुकान में स्थित दवाइयां और अलमारी जलने लगीं। धुआं और लपटें निकलती देख गश्त पर निकले चितबड़ागांव प्रभारी निरीक्षक ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया और दुकान पर लिखे फोन नंबर से दुकान मालिक को बुलाया। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर काबू पाया जा सका। दुकान मालिक रवि प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि रात 10:00 बजे दुकान बंद कर वह घर चले गए, कहां से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लगी इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि अलमारी, लैपटॉप और दवाइयां मिलाकर लगभग चार लाख की क्षति हुई है।

जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

मऊ। भीषण ठंड को देखते समाजसेवी संगठन आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करने का पुनीत कार्य को अंजाम दे रहैं है। इसी क्रम में वीएसएस परशुराम सेना पूरे प्रदेश में मंदिर के पुजारी पुरोहित, पंडा, साधु संत, सन्यासी गरीब, मजलूम, बेबस, लाचार, यतीम, विधवा, विकलांग, असहाय तथा पीड़ित मानवता की हर संभव मदद कर रही है। इस क्रम में परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पण्डित अजीत कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कम्बल वितरित किया जा रहा है। मऊ के ब्लाक दोहरीघाट की सबसे बड़ी ग्राम सभा गोठा में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि गरीबों के बीच आकर उन्हे कम्बल प्रदान कर खुद को धन्य मानता हूं। कम्बल वितरण का आयोजन, इस कड़कड़ाती ठण्ड में काफी पुनीत कार्य है। उक्त कार्यक्रम आयोजित करना काफी सराहनीय है। उक्त अवसर पर गांव के शिवालय, हनुमानगढ़ी, रामशाला मंदिर के पुजारी महंत गंगादास, दीनानाथ, बृज मोहन दास, रामेश्वर पाण्डेय, काशी नाथ पाण्डेय, सुमित्रा पाण्डेय, सुशील गुलकारी लालसा फुलवारी मोती, अनारी देवी, मदन गोपाल नाई शान्ति देवी, गजानन आदि कई लोग उपस्थित रहे।

इंडियन रेडक्रास सोसायटी ने कारागार बंदियों के बीच वितरण की राहत सामग्री

केटी न्यूज/बलिया

परोपकार और सेवा का मूल्य तभी होता है जब वह सही व्यक्ति को दिया जाय। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी व अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रास सोसायटी बलिया के निर्देशन एवं आदेश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी व उपाध्यक्ष इण्डियन रेडक्रास सोसायटी बलिया डॉ. जयंत कुमार तथा जेलर राजेन्द्र सिंह ने जिला कारागार में (60) बंदियों को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया।

डॉ जयंत कुमार ने कहा कि कड़ाके की ठंढ़ और गलन में कैदियों के लिए कंबल वितरण किया जा रहा है, जिससे ठंढ़ से उनकी बचाव की जा सके। रेड क्रास लगातार ही की मदद कर रही है और आगे भी यह जारी रहेगा। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्र ने कहा कि सच्ची मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजय यादव ने कहा है कि रेड क्रास सोसायटी जरुरतमंदों की हमेशा मदद कर रही है।

तीन किग्रा गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

गाजीपुर। कोतवाली पुलिस ने लार्ड कार्नवालिस गेट से अंतरजनपदीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से दो किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि लार्ड कार्नवालिस गेट पर एक युवक भारी मात्रा में गांजा लेकर किसी का इंतजार कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के तलाशी लेने पर उसके पास झोले में रखा दो किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम करंडा थाना के खिदिरपुर निवासी सौरभ सिंह बताया। पुलिस उसे पकड़कर कोतवाली ले आई। जिसके बाद उस पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए चालान कर दिया गया।

परिवहन मंत्री ने छह ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के लठठूडीह गांव के निकट बृहस्पतिवार की रात परिवहन मंत्री दयाशंकर शंकर सिंह ने छह ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पीटीओ मनोज कुमार भारद्वाज को अगली कानुनी कार्रवाई के लिए थाने भेजा गया।

बृहस्पतिवार की रात परिवहन मंत्री अपने क्षेत्रीय भ्रमण बलिया से लौटते समय लठठूडीह गांव के निकट कई ओवरलोड ट्रकों को आड़े तिरछे खड़ा देख उनकी जांच कराया। जांच में कुल छह ट्रक ओवरलोड लदे मिले। जिसमें तीन ट्रकों पर गिट्टी, दो ट्रकों पर गेहूं व एक ट्रक पर धान लदा पाया गया।

करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर कुल छह ट्रकों को चालक सहित कब्जे में लेकर थाने लाए। देर रात पीटीओ मनोज भारद्वाज ने थाने पहुंचकर गिट्टी लदे ओवरलोड तीन ट्रकों पर दो लाख 50 हजार का जुमार्ना ठोक वाहर सीज कर बाकी तीन ओवरलोड ट्रकों पर लदे गेहूं व धान एफसीआई का बताने पर पुलिस को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा।

प्रभारी एसआई सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि पकड़ी गई गाड़ियों की जांच गहनता से की जा रही है।

लॉर्ड्स अंडर 14 गोल्ड कप टूर्नामेंट 2023 के सेमीफाइनल में भावित बने मैन ऑफ द मैच

विवेक क्रिकेट अकादमी ने छह विकेट से लंका क्रिकेट अकादमी को हराया

- टॉस जीत कर लंका क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का लिया निर्णय

केटी न्यूज/गाजीपुर

दोनों टीम के खिलाड़ियों के साथ मौजूद अतिथिगण व अन्य

गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में लॉर्ड्स अंडर 14 गोल्ड कप का सेमीफाइनल मैच स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के जीडीसीए मैदान पर विवेक क्रिकेट अकादमी और लंका क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. अजय राय एवं विशिष्ठ अतिथि डॉ. अवधेश राय ने दोनों टीम के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। लंका क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लंका क्रिकेट अकादमी ने अनिवेश के 24 रन और प्रखर उपाध्याय के 19 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 104 रनों का स्कोर खड़ा किया। विवेक क्रिकेट अकादमी के तरफ से अंगद और भावित ने दो-दो विकेट लिया। 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विवेक क्रिकेट अकादमी की टीम समृद्ध सिंह के नाबाद 41 रन तथा अर्जुन के 20 रनों की बदौलत 19वें ओवर की चौथे गेंद पर चार विकेट के नुकसान पर मात्र 107 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। राज अकादमी के तौफीक ने दो तथा प्रखर उपाध्याय और विराज राय ने एक-एक विकेट लिया।

शुक्रवार के मैच में स्मृति, संतोष पाठक ने अंपायर तथा यशराज ने मैन्युअल स्कोरर तथा कौस्तुभ राय ने लाइव स्कोरर की भूमिका निभाई। भावित को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ दी मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि श्रंखला के उपरांत शीघ्र ही अंडर 19 प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर संस्था के सचिव डॉ. उमेश चंद्र राय, अजय सर्राफ, वरुण अग्रवाल, विनय कुमार सिंह, वैभव सिंह, मो. आरिफ, संजय राय, रंजन सिंह, संतोष केशरी, शहंशाह खान, अश्वनी राय, पवन राय, भरत सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।